"महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम"

Department of Political Science & NCC, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur

Date: 23rd December 2024

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग एवं विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा "महिला सुरक्षा" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने की।

दीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम में रीजनल प्रॉविडेंट फंड कमिश्नर शशांक जायसवाल ने महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता से महिलाएं अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। उन्होंने ईपीएफओ के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा देने की बात कही।

गोरखपुर के एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने महिला सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को फिजिकल और साइबर स्पेस में मिलने वाली चुनौतियों जैसे साइबर स्टॉकिंग, मॉर्फिंग, और एआई-जेनरेटेड मॉर्फिंग के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम को मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी प्रोफेसर विनीता पाठक ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. महेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अनुभूति दुबे, प्रोफेसर श्रीवर्धन पाठक, प्रोफेसर गोपाल प्रसाद, प्रोफेसर रजनीकांत पांडे, प्रोफेसर

रूसीराम महानंदा सहित वरिष्ठ शिक्षाविद एवं बड़ी संख्या में एनसीसी और राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से अत्यंत सफल रहा।



SECURITY FOR WOMEN
शक्ति

SECURITY FOR WOMEN